हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ
153-2025-2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 16 अंक 49
विक्रम संवत 2081
मार्गशीर्ष शुक्ल प्रतिपदा से
मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी
02 दिसम्बर सोमवार से
08 दिसम्बर रविवार 2024 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

श्रीकृष्ण भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

## शासन-प्रशासन जानकारियां

# समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामी वाहन पर संदेय

**एकमुश्त समाधान योजना का उठाये लाभ-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)**

समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामी वाहन पर संदेय कर के विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/जुर्माना में छूट प्राप्त करने हेतु एकमुश्त समाधान योजना का उठाये लाभ-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) मेरठ ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि उ०प्र० शासन, परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना के माध्यम से व्यवसायिक वाहनो के विरूद्ध बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/जुर्माना से छूट प्रदान करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे वाहन स्वामी, जिनके व्यवसायिक वाहन के विरूद्ध कर बकाया है और वह बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति (जुर्माना) में छूट चाहते है, वह अधिसूचना जारी होने की तिथि से 03 माह के भीतर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) मेरठ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करके और निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपना पंजीकरण करा सकते है।

इस प्रकार पंजीकरण के उपरांत बकाया कर पर लगने वाली शास्ति/जुर्माना को अदेय करते हुये बकाया कर की धनराशि एकमुश्त जमा करायी जायेगी। पंजीकरण शुल्क की धनराशि हल्के मोटरवाहन (सकल यान भार 7500 किग्रा० तक) के लिए रू० 200/- तथा शेष प्रवर्ग के वाहनो के लिए रू० 500/- निर्धारित की गयी है।

अधिसूचना के अंतर्गत ऐसे वाहन स्वामी, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयो के समक्ष लम्बित हों अथवा जिनके कर/शास्ति के विरूद्ध अपील/पुनरीक्षण उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) या उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लंबित हो, वे भी आवेदन के पात्र होंगे। ऐसे वाहन स्वामियो को वाद समाप्त करने के लिए संबंधित न्यायालयो/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष आवेदन करना होगा। परिवहन यानो के समस्त स्वामी अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी जिनके विरूद्ध अधिसूचना की तिथि से पूर्व कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो तथा ऐसे परिवहन यान के स्वामी या वित्तपोषक जिनके वाहन का मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-51 के अधीन कब्जा कर लिया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन आवेदन कर सकते है। उन्होने जनपद के समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामियो से अनुरोध किया है कि अपनी वाहन पर संदेय कर के विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/जुर्माना में छूट प्राप्त करने हेतु इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये।

- श्रम शिखर ब्यूरो

R.R. ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
✓ दैनिक जागरण
✓ अमर उजाला
✓ हिन्दुस्तान
✓ हिन्दुस्तान टाईम्स
✓ जनवाणी
✓ i-Next
✓ Times Of India
Book Adv.
› Quarter Page
› Half Page
› Full Page
DISPLAY ADVERTISEMENT
NEWSPAPERS ADVERTISING AGENCY IN MEERUT
Call Us To Book Your Ads.
0121-2641338, 9690331338
— Visit Location —
SHRI KRISHAN BHAWAN, 283, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001
website- rradvertisingmeerut.com | E-mail - rradvertisingmeerut@gmail.com

## यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा नियम

**यातायात नियम न मानने पर लगने वाले इन जुर्मानों का रखें विशेष ध्यान -**

1. नो एन्ट्री में वाहन - 20,000 ₹
2. वायू प्रदूषण प्रमाण पत्र बिना - 10,000 ₹
3. मोडिफाइड साइलेंसर प्रदूषण बढ़ाना - 10,000 ₹
4. एंबुलेंस, फायर सर्विस या अग्निशमन वाहन को पास न देना - 10,000 ₹
5. नशे की हालत में गाड़ी चलाना - 10,000 ₹
6. बिना ड्राइविंग लाइसेंस - 5,000 ₹
7. बिना आरसी, निलंबित आरसी या रद आरसी - 5,000 ₹
8. दोषपूर्ण या बिना नम्बर प्लेट - 5,000 ₹
9. 18 वर्ष से कम आयु - 5,000 ₹
10. काली फिल्म का प्रयोग - 2,500 ₹
11. बिना बीमा के वाहन - 2,000 ₹
12. वाहन पर जाति/सम्प्रदाय सूचक शब्द का प्रयोग - 2,000 ₹
13. बिना सीटबेल्ट के - 1,000 ₹
14. लगातार या जरूरत से ज्यादा हार्न बजना - 1,000 ₹
15. बिना हेलमेट - 1,000 ₹
16. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना - 1,000 ₹
17. दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठना - 1,000 ₹
18. नो पार्किंग में वाहन लगाना - 500 ₹

सद्भावना समिति (पंजी.)
shramshikhar.co.in sadbhavnasamiti.in
Sadbhavna Waves Shram Shikhar
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com Shram Shikhar

## दीवारों, छतों पर खेती

★ किचन फार्मिंग
★ सुन्दरता
★ प्रकृति की नजदीकी
★ ऑक्सीजन बढ़ायें
★ सब्जियां उगायें
★ वर्टिकल गार्डन (आर्गेनिक खेती)
★ हाइड्रोपोनिक्स (पानी की खेती)

सम्पर्क- स्वामी आत्मोकामरान
मो० 9412843670

सद्भावना समिति (पंजी०) कार्यालय-
श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ

# सभी स्कूलों से निवेदन, छात्र/छात्राओं के विकास के लिए जागरूकता अभियान

1. स्कूलों में छात्र/छात्राओं के मानसिक, शारीरिक, शैक्षिक विकास के लिए स्थित: प्रज्ञ (Study Wisdom) एवं ओशो मेडिटेशन की कक्षाएं कराना।
2. पढ़ाई के साथ-साथ अपनी अन्य प्रतिभाओं को विकासित करने हेतू संबन्धित प्रतियोगिताएं ।
3. स्वच्छता जागरूकता के लिए स्कूलों में स्वच्छ सारथी क्लबों का गठन करना।
4. सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के प्रति जागरूक कार्यक्रम।
5. कक्षा 2 से 12 तक सरकार द्वारा दी जाने वाली स्कोलरशिप फैलोंशिप के बारे में जानकारियां और उपयोग ▪ प्रधानमंत्री यशस्वी एन्ट्रेस ▪ इण्टरनेशनल ओलम्पियाड ऑफ इग्लिंश लैग्वेंज ▪ इण्डियन नेशनल ओलम्पियाड ▪ सांइस ओलम्पियाड फांउडेशन ▪ यूनिफाइड साइबर ओलम्पियाड ▪ जियो जिनियस ▪ नेशनल एन्ट्रेस मेन ओलम्पियाड सीबीएससी मेरिट बेज स्कोलरशिप फॉर द् सिंगल गर्ल्स
6. स्कूलों में उपयोग होने वाली वस्तुओं के लिए पुन: उपयोग हेतू केन्द्र का स्थापना।
7. मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए नैतिक ज्ञान कक्षाएं व शिक्षा के लिए जागरूक करना।
8. स्कूलों के इतिहास, विशेषताएं, उपलब्धियां के लिए डाक्यूमेंन्ट्री बनाकर सद्भावना समिति के यूट्यूब चैनल (Sadbhavna Waves) पर प्रसारण।
9. स्कूलों के सभी छात्रों के लिए स्वयं की खोज, अनुरूप, इच्छाएं योजनाओं पर कार्यक्रम, जिनका सद्भावना समिति के यूट्यूब चैनल (Sadbhavna Waves) पर प्रसारण ।
10. सभी छात्र/छात्राओं के विकास हेतू की जा रही गतिविधियों के फीड बैक कार्यक्रम ।
11. योग व मैडिटेशन के प्रति जागरूक अभियान।
12. सभी स्कूलों, कॉलिजों के छात्रों के लिए समसमायिक मुद्दो पर जूम ऐप ;वबव ।चचद्ध के माध्यम से ऑनलाइन चर्चा एंव यूट्यूब चैनल पर प्रसारण
13. स्कलों, कॉलिजों, शिक्षण संस्थानों में पुस्तकालयों का विस्तार व डिजिटलीकरण करना।
14. स्कूलों, कॉलिजों में सभी खेलों की टीमों का गठन व खेलो के प्रति प्रोत्साहन कार्यक्रम ।
15. स्कलों, कॉलिजों में छात्र/छात्राओं का विवरण उपलब्धियों का प्रदर्शन (डिस्पले द्वारा)।
16. प्रेरक संदेश, प्रदर्शन कराना। 17. कला, लेखन, कार्यक्रम से प्रेरणा।
18. शहर में पर्यटन । 19. छात्रों के मन की बात कार्यक्रम ।
20. सभी स्कूलों, कॉलिजों में प्राचार्या / अध्यापकों की योजनाओं व सुझाओ पर जन सहयोग ।

संयोजक- रवि कुमार एडवोकेट, मो. 9675834737

**यदि आप साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड के शिकार हैं, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी रिपोर्ट दर्ज करायें और राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग नीचे दिये गये वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें।**

www.cybercrime.gov.in




# होनी होय सो होय, तो क्या कुछ न करें? सब उसी पर छोड़ दें?

रामदास! कुछ न करें, यह भी करना होगा। यह भी एक ढंग का करना है.. कुछ न करें, कि हम कुछ न करेंगे। यह नकारात्मक कृत्य है, लेकिन है कृत्य ही। सब उसी पर छोड़ दें..यह छोड़ना भी कृत्य है। अगर तुम बात को ठीक से समझे..'होनी होय सो होय'..तो फिर न तो कुछ करने को बचता है, न न करने को बचता हैय न तो कुछ पकड़ने को बचता है, न कुछ छोड़ने को बचता है। जो हो रहा है, ठीक हो रहा हैय हम केवल दर्शक रह जाते हैं। न पकड़ना है, न छोड़ना हैय न करना है, न न करना है। जो हो रहा है, हो ही रहा है। हम सिर्फ दर्शक रह गए, द्रष्टा रह गए..देखेंगे और देखने से इंच भर इधर-उधर नहीं जाएंगे, कर्ता नहीं बनेंगे।

नहीं तो तुम भूल में पड़ोगे।

मुल्ला नसरुद्दीन और उसके तीन साथियों ने बार-बार मुझे सुन कर..कि मौन से रहो, शून्य में जीयो-निर्णय कर लिया कि जाते हैं, एक महीने का मौन लेते हैं। बैठ गए गुफा में जाकर। एक महीने का मौन ले लिया। कोई पांच-सात मिनट ही बैठे होंगे कि पहले ने कहारू अरे, पता नहीं मैं घर का ताला लगा पाया कि नहीं लगा पाया! दूसरे ने कहारू अरे मूरख! मौन लिया महीने भर का, पांच मिनट टिका नहीं, सब बर्बाद कर दिया!

तीसरे ने कहारू तू महामूरख है! वह तो बोला सो बोला, तू क्यों बोला?

मुल्ला नसरुद्दीन ने हाथ जोड़े आकाश की तरफ और कहारू हे प्रभु! मुझे छोड़ कर ये सब मूरख बोल गए! मैं ही भला, अब तक बोला ही नहीं।

बस पांच-सात मिनट में सब खत्म हो गया। मौन बैठना है, यह आग्रह भी कृत्य है। मौन बैठा नहीं जाताय समझ से मौन फलित होता है। अपने को जबरदस्ती मौन बिठा लोगे, तो ये सब बातें उठेंगी। हो सकता था पहला आदमी न भी कहता कि पता नहीं घर में ताला लगा पाया या नहीं, लेकिन भीतर तो कहता हीय मौन तो खंडित तभी हो जाता, चाहे ऊपर न भी बोलता। दूसरा चाहे दूसरे की बारी आने फर कुछ भी न कहता, लेकिन भीतर तो कहता कि इस मूरख ने अपना मौन तोड़ लियाय बाहर न भी कहता तो भी चल जाता, लेकिन मौन तो टूट ही जाता। कुछ मौन के बाहर और भीतर बोलने का सवाल नहीं है। यह मौन जबरदस्ती आरोपित है। यह टूट ही जाएगा। यह टिक नहीं सकता। समझ इस बात की कि मैं सिर्फ द्रष्टामात्र हूंय फिर कोई मौन सम्हालना नहीं पड़ता, सम्हल जाता है। बीच बाजार में रहोगे और भीतर मौन की सतत धारा बहती रहेगी।

अब तुमने सुना कि कबीर कहते हैं 'होनी होय सो होय' और मैं कबीर के समर्थन में हूं कि जो होना है सो होगा। तुम क्यों फिकर लेते हो? तुम क्यों चिंता में पड़ते हो? तुम तो द्रष्टामात्र हो। तुम्हें चिंता लेने का, संताप करने का कोई भी कारण नहीं। तुम तो देखो। दुखांत होगा नाटक तो ठीक और सुखांत होगा तो ठीक। तुम्हें क्या पड़ी है? लेकिन तब तुम्हारे सामने सवाल उठा..'तो क्या कुछ न करें? ' करने से तुम न छूटोगे। अब तुमने दूसरा निर्णय लिया..'तो अच्छी बात है। होनी होय सो होय! तब हम बैठेंगे, कुछ न करेंगे।' मगर वह बैठना भी कृत्य हो गया। जबरदस्ती बैठ जाओगे गुफा में जाकर, बार-बार देखोगे बाहर गुफा के कि अभी तक कुछ हो नहीं रहा है! होनी होय सो होय, मगर हो कुछ भी नहीं रहा है और हम बैठे हैं इतनी देर से! तुम्हारे बैठने में तुम्हारा अहंकार ही रहेगा। यह कुछ बोध नहीं है। यह कोई समझ नहीं है। यह कोई प्रज्ञा से उठी क्रांति नहीं है।

अब तुम कहते होरू 'सब क्या उसी पर छोड़ दें? ' तो क्या कुछ बचा लेने का इरादा है कि थोड़ा-बहुत तो बचा लें! मीठा-मीठा गप, कड़वा-कड़वा थू! कि बाकी तू सम्हाल। कि जब बुरा हो जाए तो कहेंगे 'होनी होय सो होय'य और जब भला हो जाए तो झंडा लेकर निकल पड़ेंगे कि झंडा ऊंचा रहे हमारा! देखो यह हमने ही किया!

अब तुम पूछ रहे होरू 'तो क्या सब उसी पर छोड़ दें? मगर छोड़ोगे तुम! तो छोड़ना कृत्य हो गया। छोड़ने वाला है कौन? सब उस पर छूटा ही हुआ है। पागल हो तुम, जो सोचते हो कि हम पकड़े हैं। सब उसी का है, सब उस पर ही छूटा हुआ है। और तुम कुछ कर रहे हो, इस भ्रांति में हो। जो हो रहा है वही हो रहा हैय तुम्हारे किए से कुछ भी नहीं हो रहा है। तुम नाहक ही हाथ-पैर न मारो।

भोगी भी हाथ-पैर मारते हैं, त्यागी भी हाथ-पैर मारते हैं। संन्यासी मैं उसको कहता हूं जो यह समझ लेता हैरू अपने हाथ-पैर मारने की बात ही नहीं। हम हैं ही नहीं, वही है! हम उसके अंग-मात्र हैं।

जैसे पानी की लहर..सागर की लहर.. अलग तो हो नहीं सकती सागर से। सागर ही उसमें नाचता है तो नाचती है। सागर ही सो जाता है तो सो जाती है।

यह बोध की बात है। मैं तुमसे जो कह रहा हूं, यह करने की कम, समझने की बात है।

बस समझ लिया कि सब हो गया। तुम और परमात्मा में भेद नहीं है। तुमने मान लिया है कि मैं अलग हूं तो झंझटें आ रही हैं। अब अलग मान लिया है तो कुछ करूंगा। और फिर अगर किसी ने कहा कि तुम्हारे करने से असफलता हाथ लगती है, दुख हाथ लगता है, तो तुम कहते होरू अच्छी बात है, तो नहीं करेंगे! मगर करने की भाषा नहीं बदलती, वही की वही भाषा जारी रहती है। तुम अपनी भाषा में जरा झांक कर देखो। एक जैन मुनि प्रवचन दे रहे थे। अहिंसा पर उन्होंने बड़ी तात्विक चर्चा की और कहा कि पशु-पक्षियों को मारना महापाप है। मुल्ला नसरुद्दीन खड़ा हो गया। उसने कहारू आप बिल्कुल ठीक कहते हैं। एक बार एक मछली ने मेरे प्राण बचाए। जैन मुनि ने देखा कि एक तो मुसलमान...अच्छा है। नसरुद्दीन को कहा कि तू हमारे साथ रह। जहां भी हम प्रवचन देंगे, हम कहेंगे..पूछो इससे! तो तू खड़े होकर कहना कि एक मछली ने हमारे प्राण बचाए। सो यह नियम हो गयाय वे बोलते और मुल्ला नसरुद्दीन खड़े होकर कहता कि एक मछली ने हमारे प्राण बचाए। फिर धीरे-धीरे दोनों में काफी निकटता बढ़ गई, एक दिन मुनि ने पूछा एकांत में कि तू पूरी बात तो बता कि घटना क्या हुई?


नसरुद्दीन ने कहारू आप यह न पूछें तो अच्छा है! क्योंकि मुझे भूख लगी थी और मछली को मैंने खा लिया। सो इस तरह उसने मेरे प्राण बचाए। यह आप पूछें ही मत! बस उतना ही काफी है कि एक मछली ने मेरे प्राण बचाए,

– ओशो

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## चुन लो सुंदर विचार मोती-सा..... लेख



समुद्र-सा विचारों का गढ़ है यह दिल जगत में,
बस इसमें से जितने सुंदर विचार चुन सकते हों,
चुन लो उनको चाहे हो बीते युग के अथवा,
वर्तमान युग को इन सुंदर विचारों की माला,
पहनों दिल में अपने हो जायेगा जीवन सुखमय।
दूसरे लोक में जाने से पहले इन विचार मोतियों को,
दे जाओं प्यारें बच्चों को माता-पिता है वही उनका,
जीवन सुधर जायेगा याद करेंगें पल-पल वह तुमको।
कुछ माता-पिता होते है। ऐसे जो स्वयं हो,
जाते गन्दें नालों से निकलें, गन्दें विचारों वाले,
वे नही दे पाते स्वच्छ, सुन्दर विचारों के मोती ।
छोड जाते है निराश, निर्बल और अस्वस्थ बच्चों,
को अपनें। बस काम करो निष्काम कुछ,
ऐसे जो पहुंचा दें तुमको सुन्दर जीवन में,
जीवन सफल, आनन्दय बन जाये तुम्हारा।
मैं कुछ और क्या लिखूं। जो देख रही या ,
सुनती हूँ कानों से अपने यह सब बहुत,
दुसाध्य है इस युग में सबके बीते युग,
के निर्मल मोती कहां मिलेगें अब तुमको।
समझओं अब किसको गन्दा वातावरण रिश्ते भी,
मैले, अपवित्र धारणाओं हो चुकि है जड़े पक्की, अब उनकी बस देखो उनको हो
जाओ मौन, अब यही जीवन रह गया कुछ चन्द ही लोगों का।

**ऊषा महेन्द्रा**
**अवकाश प्राप्त शिक्षिका**

**द्रौपदी मुर्मु** | राष्ट्रपति, भारत



**मुझे प्रायः विद्यार्थियों के बीच जाने का अवसर मिलता है। मुझे लगता है कि जिस ऊर्जा और विश्वास के साथ हमारे देश के युवा आगें बढ़ रहे हैं, उसी बल पर विकसित भारत का निर्माण होगा।**

सद्भावना समिति (पंजी.)
रवि कुमार एडवोकेट
संयोजक
9675834737
Sadbhavna Waves
Shram Shikhar
shramshikhar.co.in
sadbhavnasamiti.in


## चुटकुले भी इशारा है

अर्ज किया है कि हवा मुफ्त की होती है.. वाह! वाह!..
कभी चिप्स का पैकेट खरीद के देखों.....
उसमें 7 रु की हवा और..
3रु की चिप्स होती है।



पति- राजा दशरथ का नाम सुना है
पत्नी – उनकी तीन पत्नियाँ थी।
पति – तो मैं अभी भी दो शादियाँ और कर सकता हूँ।
पत्नी – द्रौपदी का नाम सुना है।
पति – रहने दें पगली तू तो, दिल पर लें गयी।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# पौधारोपण-वृक्षारोपण रिकार्ड के अनुसार

वर्ष 2024 का वृक्षारोपण वर्ष भी बीतने की ओर है वृक्षा रोपण के स्थान पर पौधा रोपण नाम देकर लक्ष्य मेरठ का ही 29,83,284 रखा गया था। जिन्हें सरकारी, अर्द्ध-सरकारी व सार्वजनिक उपक्रमों के 26 विभागों को रोपित करना था। डी.एफ.ओ. के मुताबिक 34,83,284 पौधे रोपित किए गए। लक्ष्य से 5 लाख अधिक पौधे रोपित किए गए। इसमें वृक्ष बनने वाले कम गैर वृक्ष बनने वाले पौध रोपित अधिक कर वृक्षा रोपण के नाम पर खाना पूर्ति गत वर्षो की भांति अधिक दिखलाई दी। पौधा रोपण के लक्ष्य के साथ पौधे जीवित रखने का लक्ष्य भी चाहिए। इसके लिए श्रम शिखर द्वारा उठाई जाती रही आवाज का परिणाम देखने में आने लगा है। कि अब मुख्यमंत्री एंव सरकार द्वारा पौधों के पोषण की भी अपील की जाने लगी है। पौधे के पोषण हेतू मनरेगा माध्यम से कामगार व्यवस्था- इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वृक्षारोपण में एक पौधा माँ के नाम के आवाहन के बाद पौधारोपण करने वाले एंव इन पौधों को जीवित रखने के प्रति रूझान बढ़ा तो है पर अपेक्षित नही दिखलाई दे रहा है। इस आवाहन के प्रति भी औपचारिकता अधिक वास्तविकता कम दिख रही है।



उ.प्र. सरकार के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषणा द्वारा बच्चों से अपील की गई कि वह पौधो से बातचीत करें। उनकी मन की बात साझा करें। शोध का हवाला देकर कहा गया है कि पौधे से लगाव हम करते है तो वह तेजी बढतें है इस तरह पौधा रोपण उनके पोषण से जुडवानें का प्रयास भी हुआ है। लोहिया पार्क सर्वधर्म वाटिका बनवाने की बात भी की गई है। मेरठ जनपद के मनोहरपुर में 100 हेक्टेयर में व काली नदी किनारे 11 हेक्टेयर व बूढी गंगा किनारे एकड़ के पौधा रोपण करने की बातें भी कही गई है। एक पौधा मैया के नाम अभियान भी चला- प्रधानमंत्री द्वारा इस वृक्ष रोपण अभियान के अन्तर्गत देशवासियों से एक पौधा मैया के नाम रोपित करने का आवाहन किया गया। इस अभियान में भी पौधें रोपित होते सुर्खियों के अधिक वास्तविकता में उन्हें रोपित कर पोषित करते कम देखने में आया। कहने का अभिप्राय है.......

जिस स्तर से प्रतिवर्ष यह अभियान चलते है। उस दृष्टि से कम से कम प्रदेश में हरियाली व बन क्षेत्र एक बड़े रूप में दिखना चाहिए था। आज जिस तरह प्रदेश का विशेष रूप से पश्चिमी उ.प्र. उसमें भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का बिगडा हुआ है स्वच्छ वायु के लिए तडपन है यह नही होनी चाहिए थी। जिस तरह की चिंता पर्यावरण जलवायु परिवर्तन के लिए चिंता व्यक्त हो रही है। उसमें इन वृक्ष रोपण अभियान में बड़ा छेद व कथनी करनी में अन्तर तथा भष्टाचार अधिक दिखता है। समस्या यह भी है। पौधे जो वृक्ष बन भी रहे है उन्हें विद्युत आपूर्ति में बाधक के नाम पर वर्ष भर जिस तरह इनको काटा-झांगा जाता है। बदरूप किया जाता है फिर विकास के नाम पर काटा जाता है वह इस बात का द्योतक है कि प्रदेश में रोपित होते है। बिजली लाइनों या विकास योजनाओं को नजरादांज किया जाता है जबकि वृक्षारोपण के लिए उक्त दृष्टि कोण ध्यान में रखकर पूर्ण निर्धारित स्थानों को चिन्हित करते हुए होना चाहिए। जलवायु प्रभावित स्थानों क्षेत्रों को वृक्षारोपण व उसके साथ आस-पास जल संग्रह व्यवस्था कर भूजल स्तर को बनाये रखने को भी दृष्टिगत रखा जाना समय की मांग है।

– श्रम शिखर ब्यूरो


## जन-जन आमन्त्रित है

राष्ट्र और समाज के विकास में

आपके वार्ड क्षेत्र एंव स्वयं की व्यक्तिगत भागीदारी प्रार्थनीय है।

अपने मन की बात

लिखिए, विडियों भी बनाएं, जुडियें हमसे

रवि कुमार एडवोकेट
संयोजक - सद्भावना समिति (पंजी.)
9675834737

shramshikhar.co.in
sadbhavnasamiti.in

Sadbhavna Waves Shram Shikhar

राम की भूमिका/भाव रूप में
सम्मानित जन सेवक मेरठ सासंद
श्री अरूण गोविल जी
को विकास की संभावनाएं, निवेदित करनी है

सेवा में-
आर. आर. एडवटाइजिंग सर्विस मेरठ
9690331338 rradvertisingmeerut@gmail.com
rradvertisingmeerut.com RR Advertising Services



## विकसित भारत

आपका क्षेत्र एवं अपना व्यक्तित्व
मानवता हेतू महत्वपूर्ण है

जन-जन आमन्त्रित है

आधुनिक तथ्यपूर्ण वातावरण स्थिति संभावनाओं की स्वलिखित खोज पूर्वक कहानी पर

रचनात्मक प्रभावशाली लघु फिल्म

अपने मोबाइल से बनाइयें और हमें भेजिएं
यह प्रयास कॉलेज छात्र और आप सभी के लिए है।

अच्छे प्रयासों को डिजिटल प्लेटफार्म पर दिखाया जा सकता है।
आपकी प्रतिभा को पहचान-प्रशंसा मिलेगी ।

सद्भावना समिति (पंजी०)

रवि कुमार एडवोकेट
संयोजक
9675834737

shramshikhar.co.in
sadbhavnasamiti.in

Sadbhavna Waves Shram Shikhar



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एंव भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
सप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एंव महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**—श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121—2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** — श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**—(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**— राखी मित्तल—एफ—1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस—1, न्यू दिल्ली—110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**— राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस—4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**— विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 **दिल्ली**— **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी—120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**— अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**—अचल गुप्ता, बी— 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, **सरधना**—महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला —गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049


## छात्रों के लिए अवसर स्वयं की खोज

(स्वस्थ मन से स्वयं का विकास, समृद्धि मिलेगी एवं समाज व राष्ट्र को विकास मिलेगा)

नाम.................................उम्र .....................कक्षा ......................... हस्ताक्षर/..............................

पिता का नाम/ फोन..........................................................................

घर का पता..........................................................................

स्कूल का नाम/पता ..........................................................................

प्रधानाचार्य का नाम/फोन..........................................................................

स्वयं का विवरण :–

- क्या अच्छा लगता है?..........................................................................
- क्या इच्छा/चाहते हो?..........................................................................
- स्वास्थ्य कैसा है?..........................................................................
- स्कूल में परीक्षा परिणाम..........................................................................
- परिवार का स्वास्थ्य ..........................................................................
- घर पर कौन पढ़ाता है?..........................................................................
- घर पर माता/पिता कितना साथ रहते है..........................................................................
- भाई–बहन/दादा–दादी/चाचा–चाची अन्य का विवरण..........................................................................
- अच्छा दोस्त ..........................................................................
- अच्छा शिक्षक..........................................................................
- स्कूल की विशेषता..........................................................................
- आप जैसा कौन/कहां है?..........................................................................
- आपकी विशेषता..........................................................................
- तनाव कब/कैसा होता है?..........................................................................

स्वयं की खोज में पहला कदम आपको जीवन यात्रा में प्रेरणा बनेगा ।
अधिक जानकारी के लिए अतिरिक्त कागज का प्रयोग कर सलग्न कर सकते है।
इस फार्म को भरकर विद्यालय/सद्भावना समिति कार्यालय में जमा करा सकते है।
सद्भावना वैलनेस कार्यक्रम, सद्भावना समिति (पंजी०), श्रीकृष्ण भवन, 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कार किया जायेगा।

सौजन्य से- डॉ. अरूण मित्तल , ज्वालापुरी दिल्ली रोड़, मेरठ

## छात्र/छात्रा/शिक्षक/अभिभावक लिए अवसर

### रखें ख्याल, अपने दांतो का

- दिन में दो बार ब्रश करें, सोने से पूर्व एवं उठने पर ।
- कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें।
- पानी पीते रहें।
- समय–समय पर डॉक्टर से जांच करवायें।
- परिवारों एंव संबधित दांतो की जांच
- छात्र/छात्रा परिवार एंव शिक्षिको दांतो की जांच के लिए अवसर
- दांतो से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आप फार्म भरकर, प्रत्येक बृहस्पतिवार को फोन
- पर पूर्व निर्धारित समय पर मिलें।
- 2024 में प्रभावित है।
- छात्र/छात्राओं एंव अध्यापकों को फीस में 75 प्रतिशत की छूट ।
- अभिभावक परिवारजन को फीस में 50 प्रतिशत की छूट।
- सभी छूट श्रम शिखर में प्रकाशित फार्म पर या विद्यालय के आई कार्ड पर

**सद्भावना वैलनेस की ओर से ऑफर .......**

**डॉ. विवेक मित्तल** ( बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. ) **शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक**

पता– 615, ज्वालापुरी, नाला रोड़, माधवपुरम क्रांसिग हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड़, मेरठ
समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212

छात्र/अभिभावक/अध्यापक...........................................कक्षा ..............दिनाकं............
स्कूल का नाम/पता ..........................................................................
अभिभावक माता/पिता का नाम..........................................................................
निवास पता..........................................................................
प्रधानाचार्य का नाम/फोन..........................................................................

(स्कूल का आई–कार्ड या आधार कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)


नोटः अपने दांतो का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कार किया जायेगा।


डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

